पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल से मिले मुख्यमंत्री</u>
<u>मथुरा सहित कई मुद्दों पर हुई चर्चा</u>

लखनऊः 14 जून, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने भेट की। भेट की दौरान मुख्यमंत्री ने मथुरा के जवाहर बाग की घटना, कैराना व दादरी मामला तथा लखनऊ में गत दिनों हुई लूटपाट व डकैती की घटनाओं पर सरकार द्वारा कृत कार्रवाई की जानकारी दी। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री से कहा कि उपर्युक्त घटनाओं की लिखित रिपोर्ट उनके अवलोकनार्थ यथाशीघ्र भेजी जाये।

राज्यपाल ने मथुरा के जवाहर बाग घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया यह मामला अवैध कब्जे का प्रतीत होता है। अतः भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसलिए सरकारी जमीनें जैसे प्राधिकरण, नगर निगम, ग्राम पंचायत की जमीनों पर अवैध कब्जे की नियमानुसार जांच कराकर कार्रवाई की जाये।

श्री नाईक ने फीस वृद्धि से संबंधित नियमों को लेकर उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम में संशोधन के संबंध में भी मुख्यमंत्री से वार्ता की। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 की धारा-7(14) में विश्वविद्यालयों को अध्यादेश के द्वारा फीस वृद्धि का अधिकार प्राप्त है जबकि उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 की धारा-52(3)(सी) के अनुसार फीस आय का एक अंग है अतः इसमें इसमें राज्य सरकार का अनुमोदन आवश्यक है।

अंजुम/ललित/राजभवन (207/10)